RAF SECTOR

NEWS CLIP

30/10/2022

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Dainik bhaskar, Jaipur, (RAJ)

83 बटालियन आरएएफ व सीआरपीएफ के तत्वावधान में साइकिल, बाइक रैली और एकता दौड़ का आयोजन

भास्कर न्यूज़ | जमवारामगढ़

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर में सीआरपीएफ के महानिरीक्षक राजस्थान सेक्टर विक्रम सहगल व 83 बटालियन आरएएफ कमांडेंट प्रवीन कुमार सिंह के नेतृत्व में शनिवार को साइकिल रैली के साथ तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजन किया जाएगा। 83 बटालियन आरएएफ के जवान शनिवार को अमर जवान ज्योति जयपुर से जलमहल 12 किलोमीटर की साइकिल रैली निकालेंगे।

सैकडों की संख्या में स्टेच्यू सर्किल, पांच बती, छोटी चौपड़, बड़ी चौपड़ व सुभाष चौक होते हुए जल महल पहुंचेंगे। रैली में आम नागरिकों की भी सहभागिता होगी। अगले दिन रविवार 30 अक्टूबर को 83 बटालियन लालवास मुख्यालय से बाइक रैली रवाना होकर नाई की थड़ी, लांगडियावास होते हुए राजस्थान सैक्टर मुख्यालय केरिपुबल नायला, कानोता ट्रांसपोर्ट नगर जयपुर लालवास बटा मुख्यालय तक कुल 75 की यात्रा की जाएगी। देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री के जन्म दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित करके जन मानस को लौह पुरुष की ख्यातियों का जानकारी दी जाएगी। अगले दिन सोमवार 31 अक्टूबर को अल्बर्ट हॉल से स्मृति वन तक 5.3 किमी एकता दौड़ का आयोजन किया जाएगा। दौड में जयपुर शहर सहित आस पास के सभी उम्र वर्ग के पुरुष व महिलाएं भागीदारी रहेगी। कार्यक्रम के माध्यम से राष्ट्रीय एकता के लिए मिलकर दौड़े और राष्ट्र की एकता को अक्षुण्णता बनाए रखने के लिए आम जन मानस भी सहभागी का संदेश दिया जाएगा।

Dainik lol mitra, Phaphamau, (UP)

राष्ट्रीय एकता दिवस के मौके पर आर ए एफ के जवानों ने निकाली साईकिल रैली

लोकमित्र ब्यूरो

फाफामऊ। प्रत्येक वर्ष पूरे देश में राष्ट्रीय एकता दिवस सरदार बल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस पर मनाया जाता है। आर ए एफ के कमांडेंट श्री मनोज कुमार गौतम के नेतृत्व में स्थानीय नागरिकों को राष्ट्र के प्रति एकता का संदेश देने हेतु 101 आर ए एफ कैंप परिसर शांतिपूरम से फाफामऊ ब्रिज,तेलियरगंज, स्टेनले रोड, सिविल लाइन,मेडिकल चौराहा,भारद्वाज आश्रम से होते हुए इलाहाबाद विश्विद्यालय तक साइकिल रैली का आयोजन किया गया।साइकिल रैली के उपरांत कमांडेंट महोदय ने अपने संबोधन में बताया कि भारत की एकता और अखंडता हेतु सम्पूर्ण जीवन समर्पित करने वाले लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल जी की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है।यह दिवस हमे शांति, सौहार्द,सहकार एवं बंधुत्व की भावना के साथ रहने की प्रेरणा देता है।उक्त अवसर पर कमांडेंट महोदय ने सरदार बल्लभ भाई पटेल को नमन किया व सभी को राष्ट्रीय एकता दिवस की बधाई दी।इस कार्यक्रम में श्री प्रेमजीत कुमार,श्री बृजेश कुमार दुबे, श्री प्रदीप पाठक ,श्री टी एन सिंह, अन्य अधिकारीगण , अधीनस्थ अधिकारीगण जवान व महिला कार्मिकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

Dainik jawani, Meerut , (UP)

108 आरएएफ बटालियन ने निकाली साइकिल रैली

मेरठ: वेदव्यासपुरी स्थित 108 आरएएफ बटालियन के कमांडेंट ने शनिवार को राष्ट्रीय एकता दिवस एवं वल्लवभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष में साइकिल रैली का आयोजन किया। साइकिल रैली दिल्ली हाइवे सुभारती तथा केएमसी अस्पताल से होकर शॉपिंग मॉल रिठानी होते हुए लगभग 15 किलोमीटर की दूरी तय करके 108 आरएएफ कैंपस पहुंची। बटालियन के कमांडेंट राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि हमें स्वस्थ रहने के लिए नियमित रुप से दौड़ एवं शारीरिक व्यायाम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि हम स्वस्थ रहेंगे तो हमारा भारत मजबूत बना रहेगा। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों के दिलों में राष्ट्रीय एकता की भावना को जागृत करना ही कार्यक्रम का उद्देश्य है। रैली में अधिकारी, जवान, स्थानीय निवासी, स्कूल बच्चों के साथ स्थानीय पुलिस ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस मौके पर कमांडेंट राजेंद्र प्रसाद उप कमांडेंट ज्ञानेंद्र सिंह, मुकेश कुमार, रामकृष्ण, दिलीप कुमार सहायक, राजकुमार शर्मा, सहित सभी बच्चे तथा उनके अभिभावक, अधिकारी जवान एवं उनके परिजन मौजूद रहे।

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।